


रणजी के रण में ताल ठोकेंगे रोहित, गिल और पंत
पेज - 7


# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


दिल्ली चुनाव को लेकर बीजेपी ने कसी कमर
पेज - 8




वर्ष : 33 ▸ अंक : 308 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 23 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

# एक अफवाह और चली गई 12 यात्रियों की जान

- लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों को दूसरी ट्रेन ने कुचला
- 12 की मौत, 40 घायल
- आग की अफवाह पर ट्रैक पर आए यात्री




दोनों ट्रेन के रूट मैप




## ब्रेक लगने पर ट्रेन के पहिए से निकला था धुआं

मिली जानकारी के अनुसार, पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर 'हॉट एक्सल' या 'ब्रेक-बाइंडिंग' (जामिंग) के कारण चिंगारी निकली थी। यह वाकया उस दौरान B4 में हुआ था जिससे कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने चेन खींची और उनमें से कुछ पटरियों पर कूद गए। उसी समय कर्नाटक एक्सप्रेस बगल की पटरी से गुजर रही थी। यह ट्रेन उसी वक्त मनमाड से चलकर भुसावल की ओर जा रही थी। कर्नाटक एक्सप्रेस ने इन यात्रियों को कुचल दिया। इसके चलते यह दुर्घटना घटी। लंबी दूरी की ट्रेनों के पहिए गर्म होने के कारण अक्सर ब्रेक चिंगारी भी छोड़ते हैं। सर्दियों के मौसम में कई बार चिंगारी निकलने पर स्मोक बन जाता है। पुष्पक हादसे के पीछे अभी इसी को मुख्य वजह माना जा रहा है, जिसके चलते अफवाह फैली। कुछ दिन पहले सीमांचल एक्सप्रेस में भी ऐसा हुआ था तब गनीमत रही थी कि दूसरे ट्रैक पर कोई ट्रेन नहीं आ रही थी।



## शार्प टर्न की वजह से ट्रेन का नहीं लगा अनुमान

जलगांव SP ने 11 लोगों की मौत की पुष्टि की है। जबकि विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रय कराले ने 12 शव सिविल अस्पताल भेजे जाने की जानकारी दी। 40 पैसेंजर्स के घायल होने की खबर है। सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जहां घटना हुई, उस जगह पर शार्प टर्न था। इस वजह से दूसरे ट्रैक पर बैठे पैसेंजर्स को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा। यही वजह रही कि कर्नाटक एक्सप्रेस से इतनी बड़ी संख्या में लोग कुचले गए।



## घायलों का हो समुचित इलाज : रेल मंत्री

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं अन्य अधिकारियों से घटना के बारे में पूरी जानकारी ली और सभी घायलों के समुचित इलाज हेतु निर्देश दिया। उन्होंने मारे गए लोगों के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

**धीरज सिंह । मुंबई**

उत्तर प्रदेश के लखनऊ से चलकर मुंबई आ रही पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों ने कभी सोचा नहीं था कि एक अफवाह उनके लिए काल बन जाएगी। महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम 4:42 बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ। यहां पाचोरा स्टेशन के पास माहेजी और परधाड़े के बीच पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैली। इस दौरान किसी यात्री ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन रुकी और घबराए यात्री कूद गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया।

## मृतकों के लिए 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता : फडणवीस



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार जलगांव जिले में हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में मरने वालों के परिवारों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, और घायलों का पूरा खर्च भी राज्य सरकार वहन करेगी। मैं ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

## हादसा मोदी सरकार की विफलता है : कांग्रेस

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि यह घटना हृदय विदारक है। उन्होंने बताया कि हादसे में कुछ यात्रियों की मौत हो गई तथा 12 अन्य घायल हो गए। उन्होंने घायल यात्रियों के इलाज के लिए आवश्यक सुविधाएं तथा ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे द्वारा जांच की मांग की। वहीं कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि जिंदगियां सस्ती हो गई हैं। इस सरकार में अब कोई जवाबदेही नहीं रह गई है। यह मोदी सरकार की विफलता है और इसे इस्तीफा दे देना चाहिए।

## जान गंवाने वाले यात्रियों के प्रति हार्दिक संवेदना : आदित्य ठाकरे



शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता आदित्य ठाकरे ने भी इस घटना को लेकर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जान गंवाने वाले यात्रियों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल यात्रियों को जल्द से जल्द उचित इलाज मिले और उनके स्वास्थ्य में सुधार हो ऐसी प्रार्थना करता हूं।

## महाराष्ट्र के राज्यपाल ने हादसे पर जताया दुख



महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि जलगांव के निकट एक अन्य रेलगाड़ी की चपेट में आने से कुछ यात्रियों की मौत के बारे में जानकर अत्यंत दुख हुआ। इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## जलगांव में हुआ रेल हादसा अत्यंत दु:खद : अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात कर महाराष्ट्र के जलगांव जिले में हुई रेल दुर्घटना के बारे में जानकारी ली। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महाराष्ट्र के जलगांव में हुआ रेल हादसा अत्यंत दु:खद है। इस संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात कर हादसे की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन घायलों को हर संभव मदद पहुंचा रहा है। इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# बांग्लादेशियों के खिलाफ सख्ती

## केंद्र ने महाराष्ट्र सरकार को दिया घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई/नई दिल्ली**

सिने अभिनेता सैफ अली खान के घर में उन पर हुए हमले के आरोपी की पहचान बांग्लादेशी नागरिक के तौर पर उजागर होने के बाद से केंद्रीय गृह मंत्रालय भी हरकत में आ गया है। केंद्र ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व सांसद रमेश शेवाले की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को लिखित निर्देश जारी किया है।

**मीरा रोड से 3 गिरफ्तार, उल्हासनगर से भी महिला गिरफ्तार**



केंद्र की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि बांग्लादेश और म्यांमार से महाराष्ट्र में आने वाले घुसपैठियों की पहचान कर उनके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए।

**बांग्लादेशियों पर एक्शन**

### मीरा रोड : तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

बुधवार को भायंदर पुलिस को मिली गुप्त सूचना के बाद मीरा रोड के कनाकिया रोड सिनेमेक्स टॉकीज के पास से तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के अनुसार ये लोग बिना पासपोर्ट और वीजा के अवैध तरीके से भारत में रह रहे थे. पुलिस ने इस सूचना के आधार पर मौके पर छापा मारा और दो महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिकों में से दो महिलाएं और एक पुरुष हैं जो लगभग 14-15 साल पहले बांग्लादेश से भारत आकर मीरा रोड में रह रहे थे. पुलिस की ओर से की गई पूछताछ में ये जानकारी सामने आई कि इन लोगों ने अवैध रूप से भारत में एंट्री की थी और यहां रहने के लिए उन्हें किराए पर कमरे दिए गए थे.

### उल्हासनगर : बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

क्राइम ब्रांच ने आशेले गांव में छापेमारी करते हुए एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है। यह महिला चार महीने पहले भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर उल्हासनगर में बिना किसी वैध दस्तावेज के रह रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस उप-निरीक्षक सचिन कुंभार के नेतृत्व में एक टीम ने महालक्ष्मी चॉल, आशेले गांव में छापा मारा। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली और उप-निरीक्षक प्रवीन खोचरे की टीम ने रुमा बीबी उर्फ सालया हाफिजुल खान को हिरासत में लिया। महिला को शह देने वाले आरोपी रफीक विश्वास को भी मामले में शामिल किया गया है, जो फिलहाल फरार है। महिला को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए विट्ठलवाड़ी पुलिस को सौंप दिया गया है। उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने अब तक 16 बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई की है। इनमें से सबसे अधिक मामले आशेले गांव से सामने आए हैं, जो प्रशासन के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है।

### 3 बांग्लादेशी घुसपैठियों को कोर्ट ने सुनाई सजा

अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को लेकर महाराष्ट्र में कार्रवाई तेज है। इस बीच मुंबई में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की 8वीं अदालत ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने और जाली दस्तावेजों के साथ रहने का दोषी पाया है। इस जुर्म में अदालत ने तीनों बांग्लादेशी नागरिकों को कारावास और जुर्माना की सजा सुनाई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर एडिशनल सीजेएम कंचन झंवर ने यह फैसला सुनाया।

### 42 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

1 जनवरी, 2025 से, विशेष अभियानों के तहत 28 मामले दर्ज किए गए, 42 बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी हुई और 14 आधार कार्ड, चार पैन कार्ड, चार मतदाता पहचान पत्र और तीन बांग्लादेशी पासपोर्ट सहित फर्जी दस्तावेज जब्त किए गए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके अलावा, घुसपैठियों की मदद करने वाले एक भारतीय नागरिक को भी गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले, महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने वर्ष 2024 में पूरे राज्य में 60 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को गिरफ्तार किया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अकेले दिसंबर 2024 में, एटीएस ने अवैध रूप से रह रहे 43 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। महाराष्ट्र एटीएस के अनुसार, बांग्लादेशी नागरिक आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड सहित फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहे थे।

# दावोस में दूसरे दिन भी हुई धनवर्षा

- महाराष्ट्र की झोली में अब तक 32 बड़े प्रोजेक्ट आए



**दीपक पवार । दावोस/मुंबई**

विश्व आर्थिक मंच के 'शिखर सम्मेलन 2025' के उपलक्ष्य में दावोस दौरे पर गए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र में धन की बारिश करवाने में जबरदस्त सफलता मिल रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के इस दौरे में महाराष्ट्र के प्रति उद्यमियों में जबरदस्त उत्साह और विश्वास देखने को मिल रहा है। टीम फडणवीस के प्रयासों से दो दिनों में महाराष्ट्र की झोली में 32 बड़े प्रोजेक्ट आए। पहले दिन 6.25 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। वहीं दूसरे दिन महाराष्ट्र में आने वाले निवेश की रकम 9,30,457 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। इससे राज्य में 4 लाख से अधिक रोजगारों का सृजन होगा।

### रिलायंस समूह के साथ ऐतिहासिक करार

पहले दिन मशहूर उद्योगपति सज्जन जिंदल के जे एस डब्ल्यू समूह के 3 लाख करोड़ का ऐतिहासिक करार करने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दूसरे दिन टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज के अनंत अंबानी से मुलाकात की। इस दौरान टाटा समूह 30 हजार करोड़ तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ 305000 करोड़ रुपए का एक और ऐतिहासिक करार करने में सफल हुए।

## देवांग व्यास ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के पद से दिया इस्तीफा

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

देवांग गिरीश व्यास ने महाराष्ट्र और गुजरात के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के पद से इस्तीफा दे दिया। वह 12 साल से गुजरात और 2 साल से बॉम्बे हाई कोर्ट में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के पद कार्यरत थे। उन्होंने एल्गार परिषद मामले में आरोपियों की जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का प्रतिनिधित्व किया।



देवांग गिरीश व्यास ने मंगलवार को कानून मंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया। व्यास ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है। वह मुंबई में एक वकील के रूप में काम करते रहेंगे।

## वित्त मंत्री अजित पवार ने शुरू की बजट की तैयारी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री अजित पवार ने फडणवीस सरकार के पहले पूर्ण बजट की तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को अजित पवार ने मंत्रालय में आधा दर्जन से ज्यादा मंत्रियों के साथ बैठक कर उनके विभागों के विकास कार्यों, योजनाओं और उससे संबंधित फंड आवंटन को लेकर चर्चा की।

## शहीद दिवस से सरकार ने महात्मा गांधी का नाम हटाया

- गांधी के पड़पोते और कांग्रेस हुए हमलावर



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार द्वारा हाल ही में जारी किए गए एक शासनादेश पर कांग्रेस एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी ने सवाल उठाए हैं। दरअसल राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने 15 जनवरी को एक शासनादेश जारी किया था, जिसमें महात्मा गांधी की पुण्यतिथि यानी 30 जनवरी के दिन सरकारी दफ्तरों एवं कार्यालय में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि देने का आदेश दिया था। अब सरकार की मंशा पर महात्मा गांधी के पड़पोते ने तुषार गांधी ने सवाल उठाते हुए कहा है कि पूरी दुनिया को पता है कि 30 जनवरी के दिन बापू की हत्या की गई थी, जिसके बाद इस दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# पेट्रोल और डीजल वाहनों पर लगेगा प्रतिबंध

- सीएनजी-इलेक्ट्रिक वाहनों की सिफारिश के लिए समिति गठित



**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

प्रदेश सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में पेट्रोल और डीजल पर चलने वाले वाहनों पर रोक लगाकर केवल सीएनजी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों को अनुमति देने के संबंध में समिति गठित की है। राज्य के पूर्व आईएएस अफसर सुधीर कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सात सदस्यी समिति बनाई है। बुधवार को राज्य के परिवहन विभाग ने इस बारे में शासनादेश जारी किया है।

### हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया था

बीते 9 जनवरी को बाम्बे हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई के दौरान मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर फटकार लगाई थी। सरकार ने समिति को हाईकोर्ट के आदेश का अध्ययन करके तीन महीने में सिफारिश के साथ रिपोर्ट देने के लिए कहा है। इस समिति को अध्ययन और रिपोर्ट तैयार करने के लिए विशेषज्ञ व्यक्ति को सह सदस्य के रूप में शामिल करने और अभिप्राय प्राप्त करने का अधिकार होगा। सरकार की ओर से गठित समिति के सदस्य के रूप में परिवहन आयुक्त विवेक भिमनवार, सह पुलिस आयुक्त (परिवहन), महानगर गैस निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, महावितरण के परियोजना निदेशक, सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के अध्यक्ष को शामिल किया गया है। जबकि सह परिवहन आयुक्त समिति के सदस्य सचिव होंगे। इससे पहले हाईकोर्ट ने कहा था कि मुंबई में वाहनों की बढ़ती संख्या व प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए की जाने वाली उपाय योजना कम पड़ रही है। वाहनों से होने वाला उत्सर्जन वायू प्रदूषण का मुख्य कारण है। मुंबई शहर का जनजीवन, पर्यावरण और कार्यक्षमता पर नकारात्मक परिणाम हो रहा है।

## कैबिनेट ने नेशनल हेल्थ मिशन को अगले पांच साल जारी रखने की मंजूरी दी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को नेशनल हेल्थ मिशन को अगले पांच साल के लिए जारी रखने को मंजूरी दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पियूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मिशन ने पिछले 10 साल में ऐतिहासिक लक्ष्य पूरे किए हैं। गोयल ने यह भी बताया कि 2021 और 2022 के बीच लगभग 12 लाख स्वास्थ्य कर्मी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) में शामिल हुए और भारत ने मिशन के तहत COVID-19 महामारी से लड़ा। इसके अलावा कैबिनेट बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) 5,650 रुपए प्रति क्विंटल मंजूर किया, जो पिछले MSP से 6% या 315 रुपए अधिक है। पीयूष गोयल ने कहा कि इससे पश्चिम बंगाल, असम और बिहार जैसे पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राज्यों के किसानों को मिलेगा लाभ।

